# दिल फेल होने के क्षेत्र Heart Failure Zones

## हर रोज वजन की जांच करें

- अपना वज़न नाश्ते से पहले सुबह तोलें। इसे लिख लें। अपने आज के वज़न की तुलना बीते कल वाले वज़न से करें।
- पिये जाने वाले तरलों की मात्रा 6 से 8 गिलास प्रतिदिन तक सीमित रखें। (6-8 गिलास 1500-2000 मिलीलीटर या 48-64 औंस के बराबर होते है)।
- अपनी दवा ठीक उसी तरह लें जैसे डॉक्टर ने कहा है।
- अपने पैरों, टखनों, टांगों और पेट में सूजन की जांच करें।
- ऐसी चीजें खाएं जिनमें नमक कम हो या बिल्कुल न हो।
- सक्रिय तथा आराम करने की अवधियों का संतुलन बना कर रखें।



## आज आप दिल फ़ेल होने के कौन से क्षेत्र में हैं? हरे, पीले या हरे

### सुरक्षित क्षेत्र

**सब कुशल है – यह क्षेत्र आपका लक्ष्य है!**

आपके लक्षण काबू में हैं

- आपकी सांस नहीं चढ़ती।
- आपकी छाती में तकलीफ़, दबाव या दर्द नहीं है।
- आपके पैरों, टखनों, टांगों या पेट में सूजन नहीं है या सूजन बढ़ी नहीं है।
- लगातार दो दिनों में 4 पौंड (2 किलो) या एक सप्ताह में 5 पौंड (2.5 किलो) की बढ़ौतरी नहीं हुई।



### चेतावनी क्षेत्र

**सावधान – यह क्षेत्र एक चेतावनी है।**

यदि निम्न में से आपको कोई भी लक्षण है तो अपने स्वास्थ्य प्रदाता (जैसे, डॉक्टर, नर्स) को कॉल करें:

- लगातार दो दिनों में 4 पौंड (2 किलो) या एक सप्ताह में 5 पौंड (2.5 किलो) की बढ़ौतरी हुई है।
- आपको दो से ज़्यादा दिन उल्टियां तथा/या दस्त लगे रहते हैं।
- आपकी सांस साधारण से अधिक चढ़ती है।
- आपके पैरों, टखनों, टांगों या पेट में सूजन बढ़ गई है।
- आपको बार बार सूखी खांसी आती है।
- आप अधिक थकावट महसूस करते हैं और दैनिक कार्य करने के लिए आप में शक्ति नहीं है।
- आपका सिर चकराता है और यह बात आपके लिए नई है।
- आप बेआरामी महसूस करते है, ऐसा लगता है जैसे कुछ गड़बड़ है।
- लेटने पर आपको सांस लेने में ज़्यादा कठिनाई होती है।
- आपको अधिक तकिए लगाने से सोने में या कुर्सी में सीधा बैठने में ज़्यादा आसानी होती है।



स्वास्थ्य सेवा प्रदाता ______________________ऑफिस फोन नंबर__________

### खतरे का क्षेत्र

**आपात स्थिति – इस क्षेत्र का अर्थ है फौरन कार्यवाही करें।**

यदि निम्न में से आपको कोई भी लक्षण है तो एमरजैंसी रूम जाएं या 911 कॉल करें:

- आप सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे है।
- बिना हिले-डुले बैठने पर भी सांस चढ़ना जारी रहता है।
- आपके दिल की धड़कन तेज है जो आराम करने पर भी कम नहीं होती।
- आपकी छाती में दर्द है जो आराम करने या दवा लेने पर भी बंद नहीं होता।
- आपको स्पष्ट सोचने में कठिनाई हो रही है या आप उलझन में फंसे महसूस कर रहे हैं।
- आप बेहोश हो जाते है।



इस पर्चे में दी गई जानकारी केवल उस व्यक्ति के लिए है जिसको यह पर्चा स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा दिया गया है।

अधिक जानकारी के लिए : www.bcheartfailure.ca

Catalogue # 264976 (June 2013) Hindi
To order: patienteduc.fraserhealth.ca